हिमाचल-संस्कृत-अकादमी

(हिमाचलप्रदेशसर्वकारः)

उच्चतरशिक्षानिदेशालयपरिसरः, लालपानी, शिमला-१७१००१

डॉ. केशवानन्द कौशलः
सचिव
94183 35463

दूरवाणी फैक्स संख्या: 0177-2658093
ईमेल: himsktacademy@gmail.com

पत्रसंख्या हि०सं०अ०-5/2024-25-77-80 **दिनांक** 22/08/2024

हिमाचल संस्कृत अकादमी परिसर
शिक्षा निदेशालय उच्चतर हि.प्र.
22 AUG 2024
शिमला - 1

सेवायाम्,

उप-शिक्षा निदेशक (उच्चतर/प्रारम्भिक)
ऊना, हमीरपुर एवं बिलासपुर,
हिमाचल प्रदेश ।

विषय-: **"हिमाचल संस्कृत अकादमी"** द्वारा आयोज्य विद्यालयस्तरीय, संस्कृत प्रतियोगिताओं के संदर्भ में ।

महोदय,

'हिमाचल संस्कृत अकादमी' संस्कृत की उन्नति के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है । इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए **'हिमाचल संस्कृत अकादमी'**, अकादमी संविधान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु संविधान मद सं -5 के अनुरूप, वर्तमान सत्र 2024-25 में जिला ऊना के सभी राजकीय/अराजकीय माध्यमिक/उच्च तथा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों की जिला स्तर की संस्कृत प्रतियोगितिएँ **10 सितम्बर, 2024** के पश्चात आयोजित करने जा रही है । इसमें कनिष्ठ वर्ग (छठीं से आठवीं कक्षा) के छात्रों की मन्त्रोच्चारण एवं श्लोकोच्चारण तथा वरिष्ठ वर्ग (नवम से द्वादश कक्षा) के छात्रों की संस्कृत भाषण एवं संस्कृत गीतिका की प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी । जिलास्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्रों को पुरस्कार, सम्मान प्रतीक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये जायेंगे ।

सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापकों से आग्रह है कि अपने विद्यालय स्तर पर चयनित छात्रों की सूची हिमाचल संस्कृत अकादमी की ई-मेल himsktacademy@gmail.com पर 10 सितम्बर, 2024 तक अवश्य प्रेषित करें । प्रत्येक विद्यालय से एक विषय में एक-एक छात्र/छात्रा ही भाग लेंगे । सधन्यवाद !

कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग की सम्भावित प्रतियोगिताएँ:-			**भाषण विषया:**
1. संस्कृत मन्त्रोच्चारण स्पर्धा	**(कनिष्ठ वर्ग)** -	3 मन्त्र	1. संस्कृति: संस्कृताश्रिता ।
2. संस्कृत श्लोकोच्चारण स्पर्धा	**(कनिष्ठ वर्ग)** -	3 श्लोक (अनुष्टुप को छोड़कर)	2. योग: कर्मसु कौशलम् ।
3. संस्कृत भाषण स्पर्धा	**(वरिष्ठ वर्ग)** -	3 – 4 मिनट	3. पर्यावरण संरक्षणम् ।
4. संस्कृत गीतिका स्पर्धा	**(वरिष्ठ वर्ग)** -	3 - 4 मिनट	4. नूतन शिक्षानीतौ संस्कृतम् ।

विशेष:- प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों/अध्यापकों को अकादमी नियमानुसार यात्रा-भत्ता प्रदान किया जाएगा । प्रत्येक विद्यालय से एक अध्यापक/अध्यापिका अधिकृत रूप से प्रभारी होंगे ।

(डॉ॰ केशवानन्द कौशल)
सचिव
हिमाचल संस्कृत अकादमी

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित-:

1. शिक्षा निदेशक (उच्चतर), शिक्षा निदेशालय उच्चतर, हिमाचल प्रदेश, से आग्रह है कि इस पत्र को शिक्षा निदेशालय उच्चतर की वेबसाइट पर अपलोड कर कृतार्थ करें ।
2. शिक्षा निदेशक (प्रारम्भिक), शिक्षा निदेशालय प्रारम्भिक, हिमाचल प्रदेश, शिमला -171001 ।

सचिव